Title: Need to accept the recommendations made by the National commission for Cattle.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान नेशनल कमीशन फार कैटल की महत्वपूर्ण सिफारिशों की ओर दिलाना चाहता हूं। 1991 में प्रधान मंत्री जी के निर्देश पर इस कमीशन का गठन हुआ था। एक साल में उस आयोग ने देश के अंदर विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय गऊ वंश के संरक्षण और संवर्द्धन के साथ ही उसको कैसे सुरक्षित किया जा सके, इसके बारे में देश का व्यापक दौरा करके अनुसंधान और शोध किया। पिछले र्वा 31 अगस्त, 2002 को उस आयोग ने 15 पेज की रिपोर्ट भारत सरकार को सौंपी थी। उस रिपोर्ट में विभन्न कारणों से चाहे आर्थिक कारण हो, सामाजिक कारण हो या धार्मिक कारण हो, भारत सरकार के सामने सिफारिश की है कि भारतीय प्रजाति का गऊ वंश एक साजिश के तहत नट किया जा रहा है इसलिए देश के व्यापक हित में उसे बचाने की आवश्यकता है। मैं भारत सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि उस आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए भारतीय गऊ वंश की हत्या पर पूर्ण देश में प्रातिबंध लगाया जाए।